जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

दिनांक: 22/04/2024

प्रेस विज्ञप्ति

इंडोनेशियाई प्रतिनिधिमंडल ने जामिया स्कूल का दौरा किया और कैरियर काउंसलिंग सत्र में छात्रों से बातचीत की।

जामिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल (जेएसएसएस), जामिया मिल्लिया इस्लामिया (जेएमआई) द्वारा बारहवीं कक्षा के छात्रों के लिए कैरियर परामर्श सत्र का आयोजन 18 अप्रैल 2024 को स्कूल के बहुउद्देश्यीय हॉल में किया गया । इस सत्र का उद्देश्य स्नातक एवं स्नातकोत्तर अध्ययन हेतु जकार्ता, इंडोनेशिया के स्टेट इस्लामिक यूनिवर्सिटी द्वारा पेश किए जाने वाले छात्रवृत्ति कार्यक्रमों के बारे में छात्रों को मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करना था। उक्त विश्वविद्यालय के विजिटिंग संकाय सदस्यों ने उपलब्ध छात्रवृत्ति अवसरों के बारे में जानकारी साझा की और छात्रों से उनके प्रश्नों के समाधान के विषय में चर्चा की।

प्राचार्य एवं स्कूल के संकाय सदस्यों के साथ अतिथियों की संक्षिप्त बातचीत से सुबह का सत्र शुरू हुआ। इसके उपरांत आयोजन समिति द्वारा अतिथियों का परिचय दिया गया और प्राचार्य द्वारा अतिथि संकाय सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। प्रो माइला रहीम (अध्यक्ष , अंतर्राष्ट्रीय सहयोग केंद्र) ने अपनी टीम के सदस्यों श्री अस्मुई (कर्मचारी, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग), श्री दज़िकरी रहमत रोमाधोन (समन्वयक, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग) और श्री फ़तहुदीन (व्याख्याता, शरिया और कानून संकाय), के साथ स्नातक और स्नातकोत्तर अध्ययनों हेतु विश्वविद्यालय द्वारा पेश किए जाने वाले विभिन्न छात्रवृत्ति कार्यक्रमों पर प्रकाश डालने वाली जानकारीपूर्ण प्रस्तुति दी जो छात्रों एवं शिक्षकों, दोनों के लिए फायदेमंद होगी ।

प्रस्तुति के दौरान विजिटिंग फैकल्टी ने पात्रता मापदंड, आवेदन प्रक्रिया एवं छात्रवृत्ति कार्यक्रमों के लाभों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने उच्च शिक्षा के महत्व पर बल दिया और छात्रों को जकार्ता के स्टेट इस्लामिक यूनिवर्सिटी में उपलब्ध अवसरों के बारे में जानकारी प्राप्त के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया। छात्रवृत्ति कार्यक्रम योग्य उम्मीदवारों को 100% तक की छात्रवृत्ति प्रदान करेगा, जिससे उन्हें वित्तीय बाधाओं के बिना अपनी शैक्षणिक आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने के अवसर मिलेंगे ।

प्रस्तुति के उपरांत इंटरैक्टिव प्रश्न-उत्तर सत्र आयोजित किया गया जिससे छात्रों को कार्यक्रम में पधारे संकाय सदस्यों के साथ सीधे जुड़ने का मौका मिला। छात्रों ने सत्र में उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किए जाने वाले छात्रवृत्ति कार्यक्रमों, प्रवेश आवश्यकताओं और शैक्षणिक पेशकशों के विभिन्न पहलुओं के बारे में स्पष्टीकरण प्राप्त किए । इस इंटरैक्टिव सत्र ने सार्थक आदान-प्रदान की सुविधा प्रदान की।

सत्र का समापन सकारात्मक ढंग से हुआ जिसमें छात्रों ने बाहर से पधारे हुए संकाय सदस्यों के बहुमूल्य मार्गदर्शन और समर्थन हेतु उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की ।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया